तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 17 अप्रैल 2024



54 वर्षों से नवरात्रि में माता की चौकी का हो रहा आयोजन





बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें :- 7400009183

## खबर संक्षेप

### वन परिक्षेत्र से 30 नग ग्रेबीयन तार की चोरी

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत वन रक्षक ने वन परिक्षेत्र डाहीडांड में 30 नग ग्रेबीयन तार की चोरो हो जाने के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

इस संबंध में वन रक्षक सतकुमार चौहान पिता सुकधर सिंह चौहान ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वन परिसर क्षेत्र डाहीडांड़ के उपर माड़ नाला में वन विभाग के मिट्टी कटाव को रोकने हेतु ग्रेबीयन तार (जाली) 54 नग संरचना माह दिसम्बर 2023 में बनाया गया था 01 अप्रैल को वन परिसर डाहीडांड़ भ्रमण के दौरान देखा गया कि नाला मे लगे ग्रेबीयन तार (जाली) सही सलामत था। किंतु 15 अप्रैल की प्रातः करीबन 9 बजे परिसर डाहीडांड़ भ्रमण के दौरान नाला में लगे 54 नग ग्रेबीयन तार (जाली ) में से 30 नग ग्रेबीयन तार (जाली) गायब थे। चोरी गए 30 नग तार की कीमत 67 हजार 200 रूपए आंकी गई है। वन रक्षक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### रामनवमी पर आज बंद रहेंगी शराब दुकानें

**रायगढ़।** रामनवमी 17 अप्रैल को जिले के कपितय मदिरा दुकानों हेतु शुष्क अवधि घोषित की गई थी। छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्यिक कर आबकारी विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कार्तिकेया गोयल ने 17 अप्रैल रामनवमी के अवसर पर जिला रायगढ़ अंतर्गत संचालित समस्त देशी विदेशी कम्पोजिटए प्रीमियम मदिरा दुकानों, होटल बारों तथा देशी मदिरा भण्डारण भाण्डागार, रायगढ़ को संपूर्ण दिवस बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त शुष्क दिवस में मदिरा का संपूर्ण व्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

### बाइक सवार की टक्कर से युवक घायल

**रायगढ़।** खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भेलवाडीह निवासी युवक को एक स्कूटी सवार ने उस वक्त ठोकर मार कर घायल कर दिया, जब वह खेत से काम कर घर की ओर जा रहा था। इस दुर्घटना बाइक सवार युवक घायल हो गया। बाइक सवार घायल की शिकायत पर खरसिया पुलिस ने स्कूटी सवार युवक के खिलाफ धारा 237, 337 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गिरजा प्रसाद पटेल पिता गिरधर प्रसाद पटेल पता ग्राम भेलवाडीह 15 अप्रैल की दोपहर करीबन 1 बजे वह अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 एफ 6643 से खेत तरफ से अपने घर तरफ जा रहा था। तभी रास्ते में गांव के तालाब किनारे सामने से एक मोटर सायकल को चलाते लाकर उसे ठोकर दिया। बाइक से गिरने से उसे हाथ पैर आदि में चोंट आई है। स्कूटी क्रमांक 13 यू 8117 पर सवार युवक मौके से फरार हो गया।

### स्कूटी की टक्कर से दंपती घायल

**रायगढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सत्तीगुड़ी चौक निवासी महिला को स्कूटी सवार युवक ने ठोकर मार दी, जिससे उसे व उसके पति को चोंट लगी है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने स्कूटी सवार के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। इस संबंध में प्रीति सिंह पति युवराज सिंह उम्र 31 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 15 मस्तागली ने बताया कि 2 अप्रैल की शाम को वह अपने पति के साथ उनकी मोटर सायकल क्रमांक CG 13 AG 0984 से गौशाला रोड सामान खरीदने गई थी।

## रामलीला मैदान से शक्ति प्रदर्शन करते हुए पहुंचे कलेक्टोरेट, भरा फार्म

# नामांकन रैली में शामिल हुए सीएम, राधेश्याम के पक्ष में मतदान करने के लिए की अपील



जनसभा में सीएम का स्वागत करते पदाधिकारी।



नामांकन दाखिल करते भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

लोक सभा चुनाव में राधेश्याम राठिया के पक्ष में मतदान करते हुए उन्हें विजयी बनाने की अपील करने मंगलवार को सूबे के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नगर पहुंचे, जहां उन्होंने रामलीला मैदान से जनसभा को संबोधित करने के बाद सैकड़ों कार्यकर्ताओं सहित नामांकन रैली में शामिल हो कर राधेश्याम राठिया के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे। जहां राधेश्याम राठिया ने मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, जिले के प्रभारी मंत्री की उपस्थिति में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेय गोयल को अपना नामांकन फार्म सौंपा।

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन का दौर शुरू हो चुका है। प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय लगातार अलग अलग जिलों का दौरे करते हुए भाजपा से लोकसभा के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील आमजन कर रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री श्री साय प्रत्यशियों की नामांकन रैली में शामिल हो रहे हैं। इसके साथ ही सीएम विष्णुदेव साय भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करते हुए जनता से बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को सीएम विष्णुदेव साय रायगढ़ जिले के दौरे पर रहे, जहां उन्होंने राधेश्याम राठिया के पक्ष में मतदान करने की अपली आमजन से की। वहीं मुख्यमंत्री की उपस्थिति में लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान राधेश्याम राठिया के विजय रथ को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान रायगढ़ शहर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओँ में काफी उत्साह देखने को मिला। नामांकन दाखिल से पहले रामलीला मैदान में एक आमसभा का भी आयोजन किया गया। जिसमे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, शिक्षा मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम, ओपी चौधरी, भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, गुरुपाल भल्ला जैसे अन्य दिग्गज भाजपा नेता उपस्थित थे। सीएम विष्णुदेव साय ने सभी 7 विधानसभा से पहुंचे कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए राधेश्याम राठिया को भारी मतों से जिताने की आपिल की। यह नामांकन रैली रामलीला मैदान से निकल कर नगर भ्रमण करते हुए कलेक्टोरेट पहुंची। नामांकन रैली में सैकड़ों की संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता पहुंचे हुए थे। सभा के बाद नामांकन रैली भी निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट तक पंहुचे। इसके बाद बीजेपी प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ने जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ने कहा कि जनता का रुझान भाजपा के साथ है।

### एक सवाल और पीसी खत्म

भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान 30 मिनट तक नेताम के उबाऊ भाषण के बाद जब ओपी ने मोदी के गारंटी की जानकारी बिंदुबार और संक्षेप में दी तब सवाल जवाब का सिलसिला शुरू होना था। पहला सवाल किया गया कि पिछले 15 साल तक आपकी सरकार थी फिर भी रायगढ़ लोकसभा का विकास क्यों नहीं हुआ। इस पर रामविचार नेताम ने कहा कि अब यहां से सीएम और वित्त मंत्री हैं तो अब यहां का विकास बहुत होगा और यह छत्तीसगढ़ में सबसे अलग दिखेगा भी। लेकिन फिर सवाल किया गया कि सड़कें नहीं बन पाई जिसपर ओपी चौधरी ने आश्वस्त किया कि लोकसभा चुनाव के बाद सड़कें बन जाएगी। इसे पहले कि कोई और सवाल आता समय कम होने की बात कहकर प्रेस कांफ्रेंस खत्म कर दी गई। और सवाल नहीं लिया गया। रामविचार नेताम को बार बार ओपी चौधरी कवर कर रहे थे। इस दौरान रामविचार नेताम ने कहा कि रायगढ़ इंडस्ट्रियल हब बनेगा और यहां विकास के नए आयाम खुलेंगे। ओपी चौधरी ने सवाल का जवाब देने की कोशिश की लेकिन रामविचार नेताम सवालों में उलझ गए। बहरहाल प्रेस कांफ्रेंस एकतरफा और नीरस दिखा क्योंकि इसमें भाषण का पुट ज्यादा था।

**बदला गया ट्रैफिक रूट -** नामांकन रैली में अत्यधिक भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक रूट को बदला गया था। जिन चौक चौराहों और मार्गो से नामांकन रैली गुजरने वाली थी, जहां दो पहिया व चार पहिया वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया था। इसके अलावा यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई जगहों पर बैरिगेटिंग भी की गई थी।



## कृषि मंत्री नेताम ने गिनाई भाजपा के संकल्प पत्र की खूबियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

केन्द्र सरकार का घोषणा पत्र जारी होने के बाद मंगलवार को सरगुजा के कद्दावर नेता व कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने जिला भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता कर 75 बिंदुओं के बीजेपी के संकल्प पत्र की खूबियां गिनाई। रामविचार नेताम ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पुरानी सरकार ने देश को भीख मांगने की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद महिला, युवा, किसान, जमीन, रोजगार को लेकर आगे बढ़े। वर्ष 2014 में नींव रखी गई थी अब इमारत बनकर तैयार हो गई है। जन धन योजना, किसान योजना और देश को आर्थिक मजबूती को लेकर आगे बढ़ रही सरकार भाजपा सरकार है। कोरोना काल में पूरा विश्व जहां परेशान था वहीं नरेंद्र मोदी सरकार के नेतृत्व में वैक्सीन बनाने का काम किया गया। 34 लाख करोड़ रुपए डीबीटी के माध्यम से सीधे लोगों के खाता में भेजा गया। भूपेश बघेल सरकार ने 18 लाख गरीबों का आवास छीन लिया था उसे सरकार बनने के तत्काल बाद पहला फैसला लिया। घर घर पानी पहुंचाने का काम बड़े पैमाने पर चल रहा है। नारी सशक्तिकरण को लेकर उज्वला योजना, तीन तलाक से मुक्ति, इंद्रधनुष टीकाकरण, मातृत्व अवकाश में वृद्धि, 27 लाख करोड़ रुपए मुद्रा लोन देकर उन्हें उद्यमी बनाया गया। देश के मान सम्मान के लिए जिस तरह काम किया गया पहले ऐसी स्थिति कभी नहीं थी। ऐसा नेतृत्व मिलना देश के लिए गौरव की बात है।

■ प्रेसवार्ता में पूर्व सांसद और वित्त मंत्री रहे मौजूद

प्रधानमंत्री की घोषणा है आगामी समय में दलहन तिलहन उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा और ऐसे किसानों को लाभ दिलाने का काम किया जाएगा। 2047 में देश को ऐसे माडल के रुप में प्रस्तुत करेंगे कि पहले जैसे हमारे देश को जाना जाता था उससे बेहतर उभरकर सामने आए। भाजपा सरकार ने ही विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग से द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद पर बैठाया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ सरकार में आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को घोषित कर मिसाल कायम की।

# आरटीई नियमों में उलझा क्वालिटी एजुकेशन का सपना, दाखिले में दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़




गरीब तबके के अभिभावकों का सपना होता है कि उनके बच्चे भी निजी स्कूलों में पढ़ें। सरकार ने इस सपने को पूरा करने के लिए शिक्षा का अधिकार कानून बनाया, लेकिन इसके कुछ नियम ही बच्चों की शिक्षा में बाधा बनाए गए हैं।

आरटीई नियमों में साफ है कि दाखिला के समय शहरी क्षेत्र में स्कूल से संबंधित वार्ड तथा ग्रामीण क्षेत्र में स्कूल से संबंधित गांव में निवास करने वाले विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। स्कूल जिस वार्डए गांव में स्थित है, वहां से विद्यार्थी उपलब्ध नहीं होने पर ही शेष शहरी निकाय, ग्राम पंचायत के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा।शिक्षा विभाग की ओर से निजी स्कूलों में दाखिला देने के लिए 25 फीसदी सीटों को रिजर्व किया गया है, इन सीटों पर केवल आरटीई के माध्यम से विद्यार्थियों को दाखिला दिया जाएगा, लेकिन दाखिला देने के लिए अभिभावकों को वार्ड या गांव का प्रूफ देना होगा। उसके आधार पर नहीं निजी स्कूल विद्यार्थी का लॉटरी के माध्यम से दाखिला देगी। वर्तमान में जिले में आरटीई के अंतर्गत दाखिले की प्रक्रिया शुरु हो चुकी है और नियम कायदों में बदलाव भी हुए हैं जिनके विषय में अधिकतर पालकों को जानकारी नहीं है। इस वजह से कुछ पालक आवेदन तो कुछ नियमों की जानकारी के लिए भटक रहे हैं।

■ दूसरी जगह दाखिला वरीयता के आधार पर, मगर प्रूफ देना जरूरी

### यूं होती है परेशानी

कई ग्रामीण इलाकों से लोग शहरों में रोजगार के लिए पलायन कर रहे हैं। अब शहर में एड्रेस प्रूफ के लिए उन्हें कइ सालों की उपस्थिति दिखानी पड़ती है। ऐसे में यह अभिभावक बच्चों का आरटीई में दाखिला नहीं करवा पाते हैं। इसी तरह मजदूर भी इधर से उधर घूमते हैं, उनके बच्चों को भी आरटीई के तहत दाखिला नहीं मिल पाता है।

### नियम से एडमिशन

निजी स्कूलों में आरटीई के माध्यम से दाखिला देने के लिए विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिए गए है। इन नियमों के अनुसार विद्यार्थियों को दाखिला दिया जाएगा।

**बी बाखला**
डीईओ

### सफर में बेहोश रेल यात्री की इलाज के दौरान मौत

**रायगढ़।** दक्षिण बिहार एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक यात्री की तबीयत अचानक खराब हो गई और वह बेहोश हो गया। ऐसे में उसे आनन फानन में केजीएफ में भर्ती भी कराया गया, किंतु कुछ घंटों के इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों सुग्रामी साहनी नामक 40 वर्षीय युवक दक्षिण बिहार एक्सप्रेस में बिलासपुर से चंपारण जाने के लिए निकला था। रायगढ़ स्टेशन पहुंचने के कुछ ही मिनट पहले उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और वह बेहोश हो गया। ट्रेन के रायगढ़ स्टेशन पहुंचने पर उसे आनन फानन में केजीएफ में भर्ती कराया गया, जहां करीब 4 घंटे इलाज चला और इसी बीच उसने दम तोड़ दिया। किसी तरह जीआरपी ने उसके परिजनों की इस घटना की सूचना दे दी। वहीं बताया जा रहा है कि वह किसी ठेकेदार के अंतर्गत मजदूरी का काम करता था ।

## रायगढ़ के युवक की कोरबा के मड़वारानी रेलवे ट्रैक पर मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़



सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लालटंकी निवासी युवक की लाश कोरबा के मड़वारानी रेलवे ट्रैक में मिली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पंचनामा के बाद शव गृह में रखवा दिया गया। इसी प्रक्रिया के बीच शव भी शिनाख्त कोरबा पुलिस ने की।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मड़वारानी रेलवे ट्रैक में अज्ञात शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा करते हुए शव को शव गृह में रखवा दिया गया। जिसके बाद पुलिस ने शव की शिनाख्ती के लिए अन्य थानों सहित सोशल मीडिया आदि के माध्यम से फोटो वायरल किया। जिसके बाद मृतक की पहचान राकेश शर्मा उर्फ पप्पू पिता स्व गिरधर गोपाल शर्मा उम्र 48 साल निवासी लालटँकी के रूप में हुई। इस बात की पुष्टि उनके छोटे भाई भावेशधर दीवान ने की है। इस बारे में मृतक के भाई भावेशधर दीवान ने बताया कि शाकेश शर्मा मार्केटिंग के काम के सिलसिले में बीते शनिवार को अपने दोस्त के साथ बिना मोबाइल लिए चांपा गया था। तीन दिन बीत जाने के बाद जब वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों को चिंता होने लगी। इसी बीच सोशल मीडिया में उसके मृत्यु हो जाने की खबर मिलने से उसके भाई ने उरगा पुलिस से संपर्क किया। तब उसे बताया गया कि तीन दिनों से मर्चुयरी रूम में शव बिना शिनाख्ती के रखे होने के कारण पुलिस द्वारा शव के कफन.दफन की तैयारी की जा रही है। जब शव की शिनाख्त हो गई तब पुलिस ने कफन दफन की प्रक्रिया रोक दी। वहीं परिजन भी उरगा पहुंचे।

## सिविल अस्पताल खरसिया में सीएमएचओ का औचक निरीक्षण

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीके चंद्रवंशी ने आज सिविल अस्पताल खरसिया का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान दो आरएचओ महिला को अपना वेक्सीन कक्ष में साफ-सफाई व अव्यवस्थित पाये जाने तथा ऑन लाइन में एण्ट्री न किए जाने पर दोनों आरएचओ के दो दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही चपले में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर सीजेरियन प्रसव के लिये व्यवस्था कर प्रसव बढ़ाने हेतु निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती समस्त मरीजों से हाल चाल पूछा और अस्पताल में दी जाने वाली सुविधाओ के बारें में जानकारी ली।



निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ एनआरसी पहुंचे जहां 11 बच्चे भर्ती थे। उन्होंने ब्लड बैंक में एक ही लैब टेक्नीशियन होने से वहां निर्वाचन समाप्ति के बाद शीघ्र ही व्यवस्था करने की बात कही।

### लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी

**सारंगढ़।** ग्रीष्म ऋतु के मौसम में तापमान में वृद्धि के चलते भीषण गर्मी पड़ने तथा नागरिकों को लू लगने की संभावना है, जिससे आम जन जीवन व स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जिसे देखते हुए सीएमएचओ डॉक्टर अवधेश पाणिग्राही ने जिले वासियों से आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय करने की अपील की है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में लगातार मौसम परिवर्तन के बाद अब तेज धूप एवं गर्मी प्रारंभ हो गया है जिसके कारण लू लगने की संभावना बढ़ गई है। सूर्य की तेज गर्मी के दुष्प्रभाव से शरीर के तापमान में विपरीत प्रभाव पड़ता है।

## दोपहर 3 बजे नटवर मैदान से निकलेगी शोभायात्रा

# रामनवमी आज, ध्वजा, पताके और महावीर झंडे से पटा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़



17 अप्रैल को श्रीरामचंद्र जी के जन्मोत्सव को रामनवमी के रूप में मनाया जाएगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार रामलला का जन्म चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को दोहर 12 बजे हुआ था। इस वर्ष रामनवमी के दिन रवि योग बन रहा है जिस कारण रामनवमी का महत्व और भी बढ़ गया है।

रामनवमी के दिन भगवान राम की पूजा अर्चना के साथ साथ उनके अनन्य भक्त हनुमान जी की आराधना की जाती है। इस मौके पर भगवान श्रीरामजी की भव्य शोभायात्रा अपरान्ह 3 बजे नटवर मैदान से निकाली जाएगी। इसे लेकर शहर को दिवाली की तरह सजाया गया है। शोभायात्रा के 3 किमी लंबे रास्ते को रंग बिरंगी रंगोलीए केसरिया तोरणए श्रीराम के झंडे लगाकर आकर्षक सजाया है। जगह जगह स्वागत गेट बनाये गये हैं। रामनवमी शोभा यात्रा को भव्य बनाने में आयोजक समिति पूरे मनोयोग से डटी हुई है। चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी तिथि को भगवान राम के जन्मदिन पर मनाया जाने वाले राम नवमी की तैयारी में पूरा जिला मगन है। प्रत्येक रास्ते एवं मकान पर महावीर ध्वज लहरा रहा है। राम नवमी के अवसर पर होने वाले अखाड़ा प्रदर्शन के लिए शहर के अखाड़े के खिलाड़ी करतब दिखाने को ले अभ्यास में मशगुल हैं। वहीं महावीर झंडा का निर्माण व बिक्री भी जोरों पर है। बाजार में 20 रुपये से लेकर 500 रुपए तक के महावीर ध्वज उपलब्ध हैं। 1960 से महावीरी ध्वज निर्माण में लगे शंकर पांडेय ने बताया कि पांच सौ रुपये का झंडा आकार में बड़ा होने के साथ-साथ उसमें जड़ी का काम किया गया। उन्होंने बताया कि बाजार में रेडीमेड झंडे की भरमार होने से सिलाई किए हुए झंडे की बिक्री में जरूर कुछ कमी आई है। राम नवमी सांप्रदायिक सौहार्द एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को ले जिला प्रशासन ने भी पुख्ता व्यवस्था की है। जिले के आला अधिकारी ने भी लोगों को आपसी सौहार्द के साथ रामनवमी मनाने का अपील की है। वहीं क्षेत्र के विधायक ओपी चौधरी ने भी रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए लोगों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में इस पर्व को मनाने की अपील की है।

### कन्या पूजन के साथ नवरात्रि का समान

चैत्र नवरात्रि की नवमी तिथि 17 अप्रैल बुधवार को है। इसी दिन चैत्र नवरात्र का समापन होता है। चैत्र नवरात्र के नवमी तिथि को मां दुर्गा की उपासना और कन्या पूजन का विशेष महत्व होता हैण नवरात्रि के नवमी तिथि में कन्या पूजन का विधान है। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार कन्या पूजन से मां दुर्गा जल्द प्रसन्न होती हैं। क्योंकि कन्याओं को देवी का स्वरूप माना गया है। इसीलिए नवरात्रि की नवमी तिथि पर कन्याओं की पूजा की जाती है। 17 अप्रैल दिन बुधवार को महानवमी है। इस दिन सुबह 6 बजकर 27 मिनट से लेकर 7 बजकर 51 तक कन्या पूजन कर सकते हैं। वहीं दोपहर को अगर कन्या पूजन करना चाहते हैं तो 1 बजकर 30 मिनट से लेकर 2 बजकर 55 मिनट किया जा सकता है। कन्या पूजन में 2 वर्ष से लेकर 10 वर्ष की आयु की कन्याओं को घर पर बुलाकर उनका पूजन और भोजन के लिए आमंत्रित किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### राम नवमी पर आज शुष्क दिवस घोषित

**जशपुरनगर।** राज्य शासन द्वारा 17 अप्रैल 2024 बुधवार को राम नवमी के अवसर पर संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। शुष्क दिवस के दौरान जिलों में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टॉरेन्ट-बार, होटल-बार, क्लब आदि फुटकर दुकानों को बंद रखा जाएगा। घोषित शुष्क दिवस में मदिरा की कोई भी क्लब आदि एवं मदिरा बेचने, परोसने वाले अन्य प्रतिष्ठान, व्यक्ति, चाहे बेचने व परोसने की अनुमति न दी जाए। गैरमालिकाना क्लबों, रेस्टारेन्टों, स्टार होटलों आदि और किसी के भी द्वारा चलाए जाने वाले होटलों को भी घोषित शुष्क दिवस में मदिरा बेचने व परोसने की अनुमति न दी जाए। उक्त अवधि के दौरान मदिरा के व्यक्तिगत भण्डारण पर एवं गैर लायसेंस प्राप्त परिसरों में मदिरा के भण्डारण पर सख्ती से रोक लगाई जाए और उन्हें जप्त करने की कार्यवाही की जावे। जिले में उड़नदस्ता के द्वारा अवैध मदिरा के परिवहन एवं विक्रय के रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाये जाऐगें, इस हेतु जांच दल गठित कर अवैध मदिरा संग्रहण के संभावित ठिकानों एवं वाहनों की जांच किया जाए एवं दोषियों के विरूद्ध अपराध कायम किया जाए।

### जनहानि के मामलों में 20 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के पांच मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आर.बी.सी. 6-4 के तहत 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें कुनकुरी तहसील अंतर्गत ग्राम नारायणपुर निवासी भारती बाई का सर्पदंश से 17 जुलाई 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका निकटतम वारिस मृतिका के पिता लाला राम हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार फरसाबहार तहसील के ग्राम डोंगादराह निवासी राजू कुजूर का बांध के पानी में डूबने से 30 जनवरी 20223 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पिता सखनू कुजूर, ग्राम दोकड़ा निवासी जेम्स तिर्की की कुआं के पानी में डुबने से 08 दिसम्बर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी बिरजिनिया तिर्की, तहसील कांसाबेल के ग्राम बटईकेला निवासी राजशेखर का आग से जलने से 18 जनवरी 2019 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पिता भजनू राम तथा तहसील पत्थलगांव के ग्राम मयुरनाचा निवासी सनमति पैंकरा का कुआं के पानी में डुबने से 18 दिसम्बर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पति बैगासाय हेतु 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### साईटांगरटोली में सिकल सेल स्क्रीनिंग जगरुकता शिविर

**जशपुरनगर।** विकासखंड के ग्राम साईटांगर टोली में मंगलवार को सिकल सेल स्क्रीनिंग को लेकर जगरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बीएमओ लोदम एवं स्वास्थ्य विभाग के टीम उपस्थित थे। शिविर में बीएमओ लोदाम ने लोगों को सिकल सेल टेस्टिंग के लिए जागरूक किया गया और स्वास्थ्य संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने लोगों द्वारा स्वास्थ्य संबंधित पूछे गए प्रश्नों और शंकाओं का समाधान किया। साथ ही लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गयी।

### मतदान के दिन श्रमिकों को 2-2 घंटे का अवकाश

**जांजगीर-चांपा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु नियत मतदान में कारखाना अधिनियम, 1948 तथा छत्तीसगढ दुकान एवं स्थापना अधिनियम-1958 के अन्तर्गत आने वाले कारखानों, संस्थाओं के स्थापनाओं में कार्यरत श्रमिक, कर्मचारियों को मतदान के दिन अर्थात 7 मई को राज्य शासन एतद् द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में अवकाश घोषित किया गया है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले में संचालित ऐसे कारखानें जहाँ सप्ताह में सात दिन कार्य संचालित होते है, वहाँ प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घंटे का अवकाश रहेगा।

बाल विवाह रोकने गठित टास्क फोर्स की कार्रवाई

# संयुक्त टीम ने रोका बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



बाल विवाह रोकने कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देश पर बनी टास्क फोर्स की टीम ने ग्राम कस्तूरबा में होने वाले बाल विवाह पर समय पूर्व पहुंच कर रोक लगा दी है। टीम ने बाल विवाह पर रोक नाबालिग वर की मां की सहमति से लगाई है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी बीडी पटेल की पहल से 12 अप्रैल 2024 को महिला एवं बाल विकास विभाग, चाइल्ड हेल्प लाईन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टास्क फोर्स को 17 अप्रेल को होने वाले बाल विवाह की सूचना मिलने पर बाल विवाह रोकने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि जशपुर विकासखंड के ग्राम कस्तुरबा में बालक कामेश्वर सिंह पिता स्व. दुतिया, माता श्रीमती बसंती देवी का विवाह 17 अप्रैल 2024 को तय किया गया था। किन्तु बालक कामेश्वर सिंह का दाखिल खारिज के अनुसार जन्म तिथि 12 जुलाई 2006 है। जिसके आधार पर बालक कामेश्वर सिंह का उम्र-17 वर्ष, 10 माह, 13 दिन होना पाया गया। बालक के माता की सहमति से विवाह स्थगित करने हेतु कहा गया।

बालक के माता ने बताया कि कानूनी अज्ञानता के कारण अपने बेटे की शादी करने जा रही थी। बाल विवाह रोकने के दौरान संयुक्त टास्क फोर्स टीम में पर्यवेक्षेक श्रीमती हेमलता केरकेट्टा, श्रीमती नीलू एक्का, सामाजिक कार्यकर्ता अमित तिडू टीम मेम्बर, आरक्षक श्रीमती जया पैंकरा, आरक्षक कुलरंजन एक्का एवं बेलसागर कुजूर शामिल थे। बाल संरक्षण अधिकारी चन्द्रषेखर यादव द्वारा बताया गया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानूनन अपराध है। बाल विवाह से बच्चों के सर्वागीण विकास प्रभावित होता है। बाल विवाह रोक-थाम हेतु बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 लागू किया गया है। जिसमें लड़के की आयु 21 वर्ष एवं लड़की की आयु 18 वर्ष निर्धारित की गयी है। अधिनियम के तहत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता पिता, सगे संबंधी, बाराती यहाँ तक कि विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही किया जाना प्रावधानित है। अधिनियम के तहत 2 वर्ष के कठोर सश्रम कारावास तथा 1 लाख का जुर्माना अथवा दोनो से दण्डित किये जाने का प्रावधान है।

# मधुमक्खियों से जनजीवन को सुरक्षित रखने रूपरेखा तय

**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय सहित पत्थलगांव, कांसाबेल और कुनकुरी विकासखण्ड में मधुमक्खियों के अनगिनत छत्तों को लेकर आम लोगों के साथ ही खास

**खास बात**

- स्थानीय अवकाश को देखते हुए छत्तों को हटाने बनी रणनीति

लोगों में बढ़ती असुरक्षा को देखते हुए डीएफओ की पहल पर जिला प्रशासन ने महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसे लेकर वर्चुअल कांफ्रेंस हुआ था। 9 अप्रैल 2024 को सरहुल पूजा के दौरान धुंए से परेशान मधुमक्खियों का झुंड पूजा कर रहे बैगाओं व अन्य लोगों पर टूट पड़ा था। जिसके बाद जिले भर में मधुक्खियों के छत्ते समाचारों की सुर्खियों में हैं। मधुक्खियों के ऊंचाई



पर छत्ते बनाने की वजह से ऊंचे पेड़ों और भवनों में इनका डेरा दिखता है। कई बार ये पक्षी की चोंच मारने से तेज हवा के झोंके से और छत्तों के नीचे आग लगाने, धुँआ करने से भड़क जाते हैं और हमला कर देते हैं। इन सब परिस्थितियों को देखते हुए मधुक्खियों और इंसानों के बीच के संघर्ष की भावी संभावनाओं को खत्म करने की दिशा में वनमण्डलाधिकारी जितेंद्र उपाध्याय ने पहल करते हुए विभाग प्रमुखों के साथ वर्चुअल कांफ्रेंस की थी। वनमण्डलाधिकारी श्री उपाध्याय ने बताया कि जिले में कई विभागीय दफ्तरों और सार्वजिक स्थानों में मधुमक्खियों के बड़े-बड़े छत्ते हैं जिन्हें तकनीकी मार्गदर्शन देते हुए हटाने की प्रक्रिया शुरू किए जाने के लिए आपसी समन्वय बना है। राजस्व, पुलिस, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग और नगरीय क्षेत्र के अधिकारियों के बीच यह तय हुआ है कि जहाँ-जहाँ ऐसे छत्ते हैं वहां के कार्यालयीन प्रमुख स्थानीय अवकाश, स्थानीय परिस्थिति तथा एक्सपर्ट की राय के अनुरूप तिथि तय कर कार्रवाई करना ही सही प्रक्रिया है। जिस दिन छत्ता हटाना है उस दिन आसपास के लोगों को सूचना देकर अलर्ट कर दें। सभी को विशेषज्ञ के संपर्क नम्बर दे दिए गए हैं वहीं मधुमक्खियों के रहन-सहन,उनकी गतिविधियों के साथ उन्हें हटाने के लिए रौनी में दो लोगों की प्रशिक्षित टीम है जिसे वन विभाग की ओर से वर्धा में प्रशिक्षण दिलाया गया है।

## ड्राइवर की खेत में मिली लाश हत्या की जताई जा रही आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खेत में रविवार सुबह एक युवक का शव मिला है। युवक के चेहरे पर चोट के निशान मिले हैं। मारपीट कर हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान रमाकांत तिवारी के रूप में की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। मामला सारागांव थाना क्षेत्र का है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रमाकांत तिवारी ट्रैवल्स एजेंसी में गाड़ी चलाने का काम करता है। गाड़ी मालिक ने बताया कि शनिवार की रात गाड़ी कोटमीसोनार से अमरकंटक जाने के लिए कुछ लोगों ने फोन नंबर देकर गाड़ी की बुकिंग की थी। इसके बाद रामकांत पैसेंजर को लेने के लिए कोटमी सोनार गया हुआ था। जहां अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम



खेत में पड़ा चालक का शव।

पचारी में गाड़ी मिली मगर चालक रमाकांत नहीं था। रविवार 14 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे लाखुर्री के खेत में ग्रामीणों ने एक युवक की लाश पड़ी देखी और इसकी सूचना सारागांव थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की गई। युवक के कपड़ों पर खून के निशान भी मिले हैं। पुलिस ने हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

## शासकीय महाविद्यालय दुलदुला की रासेयो ने रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लोकसभा चुनाव 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रत्येक मतदाता को जागरूक करने के साथ ही चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देशनुसार तथा जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखण्डों में स्वीप कार्यक्रम के तहत रैलियॉ, रंगोली

- शत प्रतिशत मतदान करने की अपील




जागरूकता रैली में शामिल रासेयो के सदस्य।

प्रतियोगिता, मेहन्दी प्रतियोगिता, सहित कई कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन में मतदान को लेकर जागरूक किया जा रहा है। निजी एवं राजकीय विद्यालयों में रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में मंगलवार को शासकीय महाविद्यालय दुलदुला के रासेयो के स्वंसेवकों ने संस्था के प्राचार्य श्रीमती निशि एक्का के मार्गदर्शन मे मतदाता जागरूकता रैली निकली। रैली में स्वयंसेवकों ने आगामी लोकसभा चुनाव में 7 मई 2024 को शत प्रतिशत मत देने के लिए अपील की। रासेयो प्रभारी हेमलाल रात्रे, प्राध्यापक श्रीमती रीता कुवर, सुश्री जागृति पैकरा,गणेश यादव,क्लर्क विकास तिवारी,उत्तम साय पैकरा और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

## बाजे-गाजे के साथ निकलेगी राम जी की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शक्ति आराधना चैत्र नवरात्र के नौवें दिन भगवान श्री राम का पृथ्वी पर मानव के रूप के अवतरण हुआ था।सनातनी इसे रामनवमी के रूप में भव्य रूप में मनाते आ रहे है। इस वर्ष भी रामनवमी भव्य रूप से मनाने की तैयारी में रामनवमी उत्सव समिति पूरे जोश से लगी हुई है। बस स्टैंड के पास स्थित हनुमान मंदिर में आसपास के गांवो से श्रद्धालु हनुमान जी का झंडा लेकर ढोल नगाड़े की धुन पर नाचते गाते पहुंचते हैं। जशपुर हनुमान मंदिर से हजारों की संख्या में प्रभुश्री राम की सवारी रैली के रूप में गाजे-बाजे के साथ नाचते गाते पूरे शहर का भ्रमण करते हुए भागलपुर बीटीआई मैदान पर जाकर समाप्त होती है। स्थाई समिति के महामंत्री कमल कांत वर्मा ने आमजन से अपील की है, कि बड़ी संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाएं।

- आज रहेगी रामनवमी की धूम



**इस राम नवमी में क्या है विशेष**

जशपुर हनुमान मंदिर से निकलने वाली रैली में सरगुजा व सूरजपुर से आने वाली धुमाल पार्टी के धुन पर रामजी की सवारी रैली के रूप में निकलेगी। रैली में राम सीता की झांकी भव्य होगी। बीटीआई मैदान में विशाल भंडारा का आयोजन भी होगा।

# कर्मचारियों की बिगड़ी नीयत, सरकारी शराब दुकान से कर रहे थे माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सरकारी शराब दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों की नियत बिगड़ गई। वे उसी दुकान का माल पार कर रहे थे। यही नहीं माल को उन्होंने अपने घर के भीतर जमीन में दबाकर रखा था। इस मामले की रिपोर्ट मिलते ही पुलिस हरकत में आई और दोनों आरोपियों को पकड़ लिया गया। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र के कोटमीसोनार का है।

**खास बात**

- सेल्समेन के साथ एक अन्य कर्मी गिरफ्तार

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल को अकलतरा पुलिस ने वार्ड क्रं 13 अकलतरा निवासी टेकू बंजारे एंव उसकी पत्नी अल्का बंजारे के कब्जे से घर दबिश दी थी। वहां फर्श पर लगे टाईल्स के नीचे बड़ी मात्रा में देशी व अंग्रेजी शराब रखा गया था। इस दौरान कार्टून मे गोवा स्पेशल व्हस्की 192 पाव, बियर 21



बोतल एंव देशी प्लेन शराब 240 पाव एंव बिक्री रकम 2000 जुमला कीमती 53 हजार 180 रुपए को बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों पति पत्नी को 14 अप्रैल को गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड पर लिया।

रिमांड पर लिए गए आरोपी टेंकू बंजारे व अल्का बंजारे से पुलिस ने पूछताछ की तो उन्होंने चौंकाने वाला खुलासा किया। पुलिस के मुताबिक कोटमीसोनार शासकीय शराब भट्ठी से उसी शराब भट्ठी मे काम करने वाले शरद कुमार कंवर निवासी खटोला एंव राजकुमार यादव निवासी कटघरी के द्वारा उन्हें शराब सप्लाई किया जाता है। इस पर पुलिस ने कोटमीसोनार शराब भट्ठी दुकान मे कार्यरत शरद कुमार कंवर एवं राजकुमार यादव को पकड़ा और उनसे पूछताछ की, तो उन्होंने कोटमीसोनार शराब भट्ठी से अवैध रूप से शराब लाकर टेंकू बंजारे को देशी व अग्रेजी शराब सेल स्वीकार किया। मेमोरेण्डम कथन अनुसार आरोपी शरद कुमार कंवर एंव राजकुमार यादव के कब्जे से जुमला 15.66 लीटर देशी विदेश शराब एंव परिवहन में प्रयुक्त मो.सा व टीवीएस स्कूटी जब्त किया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध थाना अकलतरा में धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही करते हुए उन्हें 15 अप्रैल को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

**अवैध शराब की अवैध व बिक्री पर नहीं लग पा रहा अंकुश**

जांजगीर चांपा जिले में शराब के अवैध भंडारण व परिवहन पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। जिसके कारण शराब के कारोबार में लगे शराब माफियाओं के हौसले बुलंद होते नजर आ रहे है। शवरीनारायण, पामगढ़, तनौद, तुस्मा सहित अन्य क्षेत्रों में शराब का अवैध भंडारण व परिवहन का काम धड़ल्ले से किया जा रहा है। खास बात यह है कि गांव गांव में कच्ची महुआ शराब बनाई जा रही है। वहीं इसे भंडारण भी कर दिया जा रहा है। ऐसा भी नहीं है कि इस बात की जानकारी आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग के अफसरों को ना हो। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं हो पाती। कार्रवाई के नाम पर 35-40 पाव शराब की जब्ती बनाई जाती है। वहीं कई शराब के अवैध कारोबार में लगे बड़े ठेकेदार पर कार्रवाई नहीं हो पाती। जिसके चलते उनके हौसले बुलंद है।

## होटल संचालक से लोहे का कत्ता दिखाकर मारपीट, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

होटल संचालक को रात्रि में लोहे का कत्ता दिखाकर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने वाले 3 आरोपियों को थाना बिर्रा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बिर्रा थाना अंतर्गत ग्राम सिलादेही का है।

- बिर्रा थाना अंतर्गत ग्राम सिलादेही का मामला

इस संबंध में बिर्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल को प्रार्थी भूपेंद्र साहू निवासी सिलादेही का जो ग्राम सिलादेही में होटल चलाता है। इस दौरान रात 10 बजे किशन केंवट उम्र 20 वर्ष, राज कुमार कहराउम्र 24 वर्ष एवं विजय



साहू उम्र 21 वर्ष सभी निवासी सिलादेही थाना बिर्रा होटल में आए और होटल मालिक को गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध थाना बिर्रा में धारा 294, 506, 34 भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा एएसपी राजेंद्र कुमार जायसवाल एवं यदुमणि सिदार के उचित मार्ग दर्शन में थाना बिर्रा पुलिस द्वारा तत्काल घटना स्थल पहुंचकर आरोपियों का पतासाजी कर पकड़ा गया, तथा आरोपियों से घटना के संबंध में पूछताछ किया गया जो जुर्म स्वीकार करने से घटना में प्रयुक्त लोहे की कत्ता को बरामद किया गया। विवेचना दौरान आरोपी किशन केंवट, राज कुमार कहरा, विजय साहू सभी निवासी ग्राम सिलादेही थाना बिर्रा के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर 15 अप्रैल को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## रंगोली, मेंहदी, रैली निकालकर दे रहे मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में सतत रूप से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। सहायता समूह की महिलाओं ने सोमवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली, रंगोली सजाकर और हाथों में मेंहदी लगाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। बम्हनीडीह अंतर्गत उन्नति महिला संकुल संगठन बिर्रा मे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम रखा गया जिसमे मतदाता शपथ, रंगोली एवं मेहदी आदि जागरूकता हेतु रखा गया उपस्थित समस्त बिहान कैडर संकुल, ग्राम संगठन पदाधिकारी शामिल हुए।

डभरा अंतर्गत खुटमीपाली में चल रहा डंपिंग का गोरखधंधा

# पीएमजीएसवाय सड़क पर दौड़ रहे राखड़ लोड ट्रेलर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

पीएमजीएसवाय सड़क पर राखड़ लोड ट्रेलर धडल्ले से चल रहे है। जिसके चलते सड़क काफी जर्जर हो चुकी है। पीएमजीएसवाय की सड़क पर भारी वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित किया गया है। बावजूद इसके नियमों को ताक में रखकर धड़ल्ले से इस मार्ग पर भारी वाहन फर्राटे मार रही है।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत सकराली से खुटमीपली जाने के लिए पीएमजीएसवाई का छोटा संकरा सड़क बनाया गया है और ये जहरीले राखड़ भरे भारी वाहन उसी पीएमजीएसवाई सड़क पर दौड़ रहे हैं और ये वाहन दिन और रात सैकड़ों के तादाद में चल रहे हैं। यह सिलसिला माह भर से चल रहा है उस



पीएमजीएसवाय सड़क पर धड़ल्ले से दौड़ रहे भारी वाहन।

सड़क पर खाली ट्रक चलाने का परमिशन नही है उस सड़क पर चालीस टन, पचास टन वजनी ट्रेलर वाहन चलने से उस सड़क का क्या हाल होगा समझा जा सकता है। वैसे पूरा क्षेत्र राखड़ पाटने वाले माफिया के कब्जे में है ये लोग नदी, नाले, मुक्तिधाम जैसे जगहों को भी नहीं बख्श रहे हैं और इनका खौफ इतना है कि कोई अधिकारी भी इन पर हाथ डालने की हिम्मत नहीं कर रहे हैं। लिहाजा वाहन चालक इसका बेजा फायदा उठा रहे है। राखड़ को जहां तहां डंप कर रहे है। जिसके चलते सड़क का कचूमर निकल रहा है। इसे लेकर जिम्मेदार विभाग के अफसर इस दिशा में ध्यान नहीं दे रहे है। वहीं पीएमजीएसवाय की सड़क पर भारी वाहन का प्रवेश पूर्ण रूप से वर्जित रहता है।

**की जाएगी कार्रवाई**

ग्राम पंचायत खुटमीपली में राखड़ डंप होने की जानकारी मिली है। भारी वाहन उसी पीएमजीएसवाई सड़क पर धडल्ले से दौड़ रहे हैं। मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**- बालेश्वर राम,**
अनुविभागीय अधिकारी (रा)
डभरा

## ग्रामीण क्षेत्रों में घंटों बिजली सेवा बाधित, लोग हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सारागांव विद्युत सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले दर्जनों ग्राम पंचायतों में घंटों बिजली गुल कर दी जा रही है, जिसके चलते ग्रामीणों की परेशानी और भी बढ़ गई है। खासकर देवरी सारागांव, कमरीद, कोसमंदा, जाटा, अमरूवा, चोरिया, मुडपार अफरीदी सहित अन्य जगहो पर बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली गुल कर दी जा रही है, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। रात्रि के समय बिजली कटौती से जहरीले जीव जंतुओं का खतरा बना रहता है।

बम्हनीडीह ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत तालदेवरी, बोरसी, गतवा, ि सलादेही,



बनडभरा, डभरा सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में घंटों बिजली बंद कर दी जाती है। जिसके चलते ग्रामीणो की परेशानी बढ़ गई है। इधर गर्मी बढ़ने के साथ बिजली की खपत भी बढ़ती ही जा रही है। जिसके चलते कई ग्रमीण क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर जलनं एवे खराब होने की जानकारी भी मिल रही है। इसे लेकर विद्युत विभाग का अमला गंभीर नहीं है। इसके अलावा कही कोई जगह फाल्ट आने पर जानकारी देने वाले मशीन का पता नहीं है।

## खबर संक्षेप

### राम नवमी पर आज शुष्क दिवस घोषित

**जशपुरनगर।** राज्य शासन द्वारा 17 अप्रैल 2024 बुधवार को राम नवमी के अवसर पर संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। शुष्क दिवस के दौरान जिलों में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टॉरेन्ट-बार, होटल-बार, क्लब आदि फुटकर दुकानों को बंद रखा जाएगा। घोषित शुष्क दिवस में मदिरा की कोई भी क्लब आदि एवं मदिरा बेचने, परोसने वाले अन्य प्रतिष्ठान, व्यक्ति, चाहे बेचने व परोसने की अनुमति न दी जाए। गैरमालिकाना क्लबों, रेस्टारेन्टों, स्टार होटलों आदि और किसी के भी द्वारा चलाए जाने वाले होटलों को भी घोषित शुष्क दिवस में मदिरा बेचने व परोसने की अनुमति न दी जाए। उक्त अवधि के दौरान मदिरा के व्यक्तिगत भण्डारण पर एवं गैर लायसेंस प्राप्त परिसरों में मदिरा के भण्डारण पर सख्ती से रोक लगाई जाए और उन्हें जप्त करने की कार्यवाही की जावे । जिले में उड़नदस्ता के द्वारा अवैध मदिरा के परिवहन एवं विक्रय के रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाये जाऐगें, इस हेतु जांच दल गठित कर अवैध मदिरा संग्रहण के संभावित ठिकानों एवं वाहनों की जांच किया जाए एवं दोषियों के विरूद्ध अपराध कायम किया जाए।

### साईटांगरटोली में सिकल सेल स्क्रीनिंग जगरुकता शिविर

**जशपुरनगर।** विकासखंड के ग्राम साईटांगर टोली में मंगलवार को सिकल सेल स्क्रीनिंग को लेकर जगरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बीएमओ लोदम एवं स्वास्थ्य विभाग के टीम उपस्थित थे। शिविर में बीएमओ लोदाम ने लोगों को सिकल सेल टेस्टिंग के लिए जागरूक किया गया और स्वास्थ्य संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने लोगों द्वारा स्वास्थ्य संबंधित पूछे गए प्रश्नों और शंकाओं का समाधान किया।

बाल विवाह रोकने गठित टास्क फोर्स की कार्रवाई

# संयुक्त टीम ने रोका बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



बाल विवाह रोकने कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देश पर बनी टास्क फोर्स की टीम ने ग्राम कस्तूरबा में होने वाले बाल विवाह पर समय पूर्व पहुंच कर रोक लगा दी है। टीम ने बाल विवाह पर रोक नाबालिग वर की मां की सहमति से लगाई है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी बीडी पटेल की पहल से 12 अप्रैल 2024 को महिला एवं बाल विकास विभाग, चाइल्ड हेल्प लाईन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टास्क फोर्स को 17 अप्रेल को होने वाले बाल विवाह की सूचना मिलने पर बाल विवाह रोकने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि जशपुर विकासखंड के ग्राम कस्तुरबा में बालक कामेश्वर सिंह पिता स्व. दुतिया, माता श्रीमती बसंती देवी का विवाह 17 अप्रैल 2024 को तय किया गया था। किन्तु बालक कामेश्वर सिंह का दाखिल खारिज के अनुसार जन्म तिथि 12 जुलाई 2006 है। जिसके आधार पर बालक कामेश्वर सिंह का उम्र-17 वर्ष, 10 माह, 13 दिन होना पाया गया। बालक के माता की सहमति से विवाह स्थगित करने हेतु कहा गया।

बालक के माता ने बताया कि कानूनी अज्ञानता के कारण अपने बेटे की शादी करने जा रही थी। बाल विवाह रोकने के दौरान संयुक्त टास्क फोर्स टीम में पर्यवेक्षेक श्रीमती हेमलता केरकेट्टा, श्रीमती नीलू एक्का, सामाजिक कार्यकर्ता अमित तिडू टीम मेम्बर, आरक्षक श्रीमती जया पैंकरा, आरक्षक कुलरंजन एक्का एवं बेलसागर कुजूर शामिल थे। बाल संरक्षण अधिकारी चन्द्रषेखर यादव द्वारा बताया गया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानूनन अपराध है। बाल विवाह से बच्चों के सर्वागीण विकास प्रभावित होता है। बाल विवाह रोक-थाम हेतु बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 लागू किया गया है। जिसमें लड़के की आयु 21 वर्ष एवं लड़की की आयु 18 वर्ष निर्धारित की गयी है। अधिनियम के तहत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता पिता, सगे संबंधी, बाराती यहॉ तक कि विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही किया जाना प्रावधानित है। अधिनियम के तहत 2 वर्ष के कठोर सश्रम कारावास तथा 1 लाख का जुर्माना अथवा दोनो से दण्डित किये जाने का प्रावधान है।

# मधुमक्खियों से जनजीवन को सुरक्षित रखने रूपरेखा तय



**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय सहित पत्थलगांव, कांसाबेल और कुनकुरी विकासखण्ड में मधुमक्खियों के अनगिनत छत्तों को लेकर आम लोगों के साथ ही खास लोगों में बढ़ती असुरक्षा को देखते हुए डीएफओ की पहल पर जिला प्रशासन ने महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसे लेकर वर्चुअल कांफ्रेंस हुआ था। 9 अप्रैल 2024 को सरहुल पूजा के दौरान धुंए से परेशान मधुमक्खियों का झुंड पूजा कर रहे बैगाओं व अन्य लोगों पर टूट पड़ा था। जिसके बाद जिले भर में मधुक्खियों के छत्ते समाचारों की सुर्खियों में हैं। मधुक्खियों के ऊंचाई पर छत्ते बनाने की वजह से ऊंचे पेड़ों और भवनों में इनका डेरा दिखता है। कई बार ये पक्षी की चोंच मारने से तेज हवा के झोंके से और छत्तों के नीचे आग लगाने, धुँआ करने से भड़क जाते हैं और हमला कर देते हैं। इन सब परिस्थितियों को देखते हुए मधुक्खियों और इंसानों के बीच के संघर्ष की भावी संभावनाओं को खत्म करने की दिशा में वनमण्डलाधिकारी जितेंद्र उपाध्याय ने पहल करते हुए विभाग प्रमुखों के साथ वर्चुअल कांफ्रेंस की थी। वनमण्डलाधिकारी श्री उपाध्याय ने बताया कि जिले में कई विभागीय दफ्तरों और सार्वजिक स्थानों में मधुमक्खियों के बड़े-बड़े छत्ते हैं जिन्हें तकनीकी मार्गदर्शन देते हुए हटाने की प्रक्रिया शुरू किए जाने के लिए आपसी समन्वय बना है। राजस्व, पुलिस, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग और नगरीय क्षेत्र के अधिकारियों के बीच यह तय हुआ है कि जहाँ-जहाँ ऐसे छत्ते हैं वहां के कार्यालयीन प्रमुख स्थानीय अवकाश, स्थानीय परिस्थिति तथा एक्सपर्ट की राय के अनुरूप तिथि तय कर कार्रवाई करना ही सही प्रक्रिया है। जिस दिन छत्ता हटाना है उस दिन आसपास के लोगों को सूचना देकर अलर्ट कर दें। सभी को विशेषज्ञ के संपर्क नम्बर दे दिए गए हैं वहीं मधुमक्खियों के रहन-सहन,उनकी गतिविधियों के साथ उन्हें हटाने के लिए रौनी में दो लोगों की प्रशिक्षित टीम है जिसे वन विभाग की ओर से वर्धा में प्रशिक्षण दिलाया गया है।

**खास बात**

- स्थानीय अवकाश को देखते हुए छत्तों को हटाने बनी रणनीति

# ड्राइवर की खेत में मिली लाश हत्या की जताई जा रही आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



खेत में पड़ा चालक का शव।

खेत में रविवार सुबह एक युवक का शव मिला है। युवक के चेहरे पर चोट के निशान मिले हैं। मारपीट कर हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान रमाकांत तिवारी के रूप में की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। मामला सारागांव थाना क्षेत्र का है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रमाकांत तिवारी ट्रैवल्स एजेंसी में गाड़ी चलाने का काम करता है। गाड़ी मालिक ने बताया कि शनिवार की रात गाड़ी कोटमीसोनार से अमरकंटक जाने के लिए कुछ लोगों ने फोन नंबर देकर गाड़ी की बुकिंग की थी। इसके बाद रामकांत पैसेंजर को लेने के लिए कोटमी सोनार गया हुआ था। जहां अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम पचारी में गाड़ी मिली मगर चालक रमाकांत नहीं था। रविवार 14 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे लाखुर्री के खेत में ग्रामीणों ने एक युवक की लाश पड़ी देखी और इसकी सूचना सारागांव थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की गई। युवक के कपड़ों पर खून के निशान भी मिले हैं। पुलिस ने हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

# शासकीय महाविद्यालय दुलदुला की रासेयो ने रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जागरूकता रैली में शामिल रासेयो के सदस्य।

लोकसभा चुनाव 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रत्येक मतदाता को जागरूक करने के साथ ही चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देशनुसार तथा जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखण्डों में स्वीप कार्यक्रम के तहत रैलियॉ, रंगोली प्रतियोगिता, मेहन्दी प्रतियोगिता, सहित कई कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन में मतदान को लेकर जागरूक किया जा रहा है। निजी एवं राजकीय विद्यालयों में रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

- शत प्रतिशत मतदान करने की अपील

इसी कड़ी में मंगलवार को शासकीय महाविद्यालय दुलदुला के रासेयो के स्वंसेवकों ने संस्था के प्राचार्य श्रीमती निशि एक्का के मार्गदर्शन मे मतदाता जागरूकता रैली निकली। रैली में स्वयंसेवकों ने आगामी लोकसभा चुनाव में 7 मई 2024 को शत प्रतिशत मत देने के लिए अपील की। रासेयो प्रभारी हेमलाल रात्रे, प्राध्यापक श्रीमती रीता कुवर, सुश्री जागृति पैकरा,गणेश यादव,क्लर्क विकास तिवारी,उत्तम साय पैकरा और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

# बाजे-गाजे के साथ निकलेगी राम जी की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



शक्ति आराधना चैत्र नवरात्र के नौवें दिन भगवान श्री राम का पृथ्वी पर मानव के रूप के अवतरण हुआ था।सनातनी इसे रामनवमी के रूप में भव्य रूप में मनाते आ रहे है। इस वर्ष भी रामनवमी भव्य रूप से मनाने की तैयारी में रामनवमी उत्सव समिति पूरे जोश से लगी हुई है। बस स्टैंड के पास स्थित हनुमान मंदिर में आसपास के गांवो से श्रद्धालु हनुमान जी का झंडा लेकर ढोल नगाड़े की धुन पर नाचते गाते पहुंचते हैं। जशपुर हनुमान मंदिर से हजारों की संख्या में प्रभुश्री राम की सवारी रैली के रूप में गाजे-बाजे के साथ नाचते गाते पूरे शहर का भ्रमण करते हुए भागलपुर बीटीआई मैदान पर जाकर समाप्त होती है। स्थाई समिति के महामंत्री कमल कांत वर्मा ने आमजन से अपील की है, कि बड़ी संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाएं।

- आज रहेगी रामनवमी की धूम

**इस राम नवमी में क्या है विशेष**

जशपुर हनुमान मंदिर से निकलने वाली रैली में सरगुजा व सूरजपुर से आने वाली धुमाल पार्टी के धुन पर रामजी की सवारी रैली के रूप में निकलेगी। रैली में राम सीता की झांकी भव्य होगी। बीटीआई मैदान में विशाल भंडारा का आयोजन भी होगा।

चैत्र नवरात्र व श्री राम नवमी की हार्दिक बधाई...


















## खबर संक्षेप

### आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत करें सी विजिल एप पर

**रायगढ़।** निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन के मामलों की ऑनलाइन शिकायत के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा खास तौर पर तैयार किए गए सी विजिल एप पर कोई भी व्यक्ति यदि उसे कहीं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला नजर आता है तो अपने मोबाइल से लाइव फोटो या वीडियो केप्चर कर इसकी शिकायत कर सकते है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किए गए नए सी विजिल ऐप नागरिकों के लिए निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता और व्यय संबंधी उल्लंघनों की रिपोर्ट करने के लिए एक नवोन्मेषी मोबाइल ऐप्लिकेशन है। सी.विजिल का अर्थ जागरूक नागरिक है और यह स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचनों के संचालन में नागरिकों द्वारा निभाई जा सकने वाली सक्रिय और जिम्मेदार भूमिका पर जोर देती है। सी विजिल एक उपभोक्ता अनुकूल एंड्रॉइड एप्लिकेशन है जिसे संचालित करना आसान है, जिसका उपयोग निर्वाचन तिथियों की घोषणा की तारीख से उल्लंघनों की रिपोर्टिंग के लिए किया जा सकता है। इस ऐप की विशिष्टता यह है कि यह केवल लाइव फोटो वीडियो और ऐप के भीतर से ऑटो लोकेशन ही कैप्चर करता है ताकि फ्लाइंग स्क्वॉड को समयबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए डिजिटल साक्ष्य मिलना सुनिश्चित हो सके। नागरिक एक तस्वीर पर क्लिक करता है या 2 मिनट का वीडियो रिकॉर्ड करता है। फोटो अथवा वीडियो को भौगोलिक सूचना प्रणाली द्वारा स्वचालित लोकेशन मैपिंग के साथ ऐप पर अपलोड किया जाता है। शिकायतकर्ता की जानकारी गोपनीय रखी जाती है।

### मीट मार्केट में अव्यवस्था फैल रही गंदगी

**पुसौर।** पुसौर मेन रोड में खुले आम थोक एवं चिल्हर मुर्गा मछली दुकानों से संक्रामक बीमारी एवं न्युसेंस फैल रहा है। खास कर अनिरूद्ध मेहर की सह पर देशी शराब भट्ठी के आसपास रक्त रंजित कीचड फैला हुआ है इस संबंध में माह जुलाई 2023 को थाना पुसौर एवं नगर पंचायत पुसौर सहित तहसील कार्यालय पुसौर में लिखित शिकायत किया गया था वहीं तत्संबंधी समाचार भी प्रकाशित हुए बावजुद इसके तमाम आश्वासनों के बावजुद कार्रवाई क्यों नहीं हुई पता नहीं। कानून व्यवस्था के पहरेदार पुसौर में दो तहसीलदार आए और गए बहरहाल कम समय में त्वरित कार्रवाई पहचान बना रहीं तहसीलदार पुसौर नेहा उपाध्याय से कार्यवाही की उम्मीद है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सोढापाट धार्मिक स्थल और आर्य विद्यामंदिर नामक शैक्षणिक संस्थान भी है और बदहाल मयखाने में लोगों का आना जाना होता है वहीं स्कूली बच्चे बच्चीयों को नाक दबाकर रास्ते से गुजरना पड़ता है। किसी के धार्मिक भावनाओं को चोट पहुंचती है और कोई बदबू से परेशान है, कोई कीचड से त्रस्त है इन तथ्यों की जांच करते हुए पुसौर में किसी निर्धारित स्थान पर मुर्गा मछली बेचने वालों को सुविधा देना उतना ही जरूरी है जितना लोगों को इससे हो रहे परेशानियों से बचाना जरूरी है।

### शराब दुकान के सामने गंदगी से बढ़ी परेशानी

**पुसौर।** पुसौर देशी शराब दुकान इन दिनों भ्रष्टाचार, गंदगी और बदमिजाजी का केन्द्र बन गया है। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि जिला कलेक्टर रायगढ अथवा जिला आबकारी अधिकारी द्वारा निर्धारित मानदंडों की खुली अवहेलना हो रही है। सरकारी देशी शराब दुकान के आसपास गंदगी का आलम है वहीं सरकारी शराब दुकान को अपनी मिल्कियत समझने वाले सुपरवाईजर के इशारे पर सेल्समेन ग्राहकों को दोनों हाथो से लुट रहे हैं। गौरतलब है कि छुट्टे नोट के नाम पर खुली लुट जारी है। बढे हुये रेट पर अब तक किसी को रसीद नहीं दी गई जबकि पुसौर की शांतिप्रिय जनता यहां के बदमिजाज कर्मचारियों को झेलती आ रही है। 1 अप्रेल से बढे हुए मूल्य की सूचना टोल फ्री 14405 पर करने संबंधी जिला आबकारी विभाग द्वारा सुचना जारी करी गई है। उल्लेखनीय है कि इस नंबर पर कितने शिकायती फोन काल आए आबकारी विभाग बताने की स्थिति में नहीं है।

### सेल्समेन के साथ एक अन्य कर्मी गिरफ्तार

# कर्मचारियों की बिगड़ी नीयत, सरकारी शराब दुकान से कर रहे थे माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



सरकारी शराब दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों की नियत बिगड़ गई। वे उसी दुकान का माल पार कर रहे थे। यही नहीं माल को उन्होंने अपने घर के भीतर जमीन में दबाकर रखा था। इस मामले की रिपोर्ट मिलते ही पुलिस हरकत में आई और दोनों आरोपियों को पकड़ लिया गया। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र के कोटमीसोनार का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल को अकलतरा पुलिस ने वार्ड क्रं 13 अकलतरा निवासी टेकू बंजारे एंव उसकी पत्नी अल्का बंजारे के कब्जे से घर दबिश दी थी। वहां फर्श पर लगे टाईल्स के नीचे बड़ी मात्रा में देशी व अंग्रेजी शराब रखा गया था। इस दौरान कार्टून मे गोवा स्पेशल व्हस्की 192 पाव, बियर 21 बोतल एंव देशी प्लेन शराब 240 पाव एंव बिक्री रकम 2000 जुमला कीमती 53 हजार 180 रुपए को बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों पति पत्नी को 14 अप्रैल को गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड पर लिया। रिमांड पर लिए गए आरोपी टेंकू बंजारे व अल्का बंजारे से पुलिस ने पूछताछ की तो उन्होंने चौंकाने वाला खुलासा ि कया। पुलिस के मुताबिक कोटमीसोनार शासकीय शराब भट्ठी से उसी शराब भट्ठी मे काम करने वाले शरद कुमार कंवर निवासी खटोला एंव राजकुमार यादव निवासी कटघरी के द्वारा उन्हें शराब सप्लाई किया जाता है। इस पर पुलिस ने कोटमीसोनार शराब भट्ठी दुकान मे कार्यरत शरद कुमार कंवर एवं राजकुमार यादव को पकड़ा और उनसे पूछताछ की, तो उन्होंने कोटमीसोनार शराब भट्ठी से अवैध रूप से शराब लाकर टेंकू बंजारे को देशी व अग्रेजी शराब सेल स्वीकार किया। मेमोरेण्डम कथन अनुसार आरोपी शरद कुमार कंवर एंव राजकुमार यादव के कब्जे से जुमला 15.66 लीटर देशी विदेश शराब एंव परिवहन में प्रयुक्त मो.सा व टीवीएस स्कूटी जब्त किया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध थाना अकलतरा में धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही करते हुए उन्हें 15 अप्रैल को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।। इस कार्रवाई में निरीक्षक दिनेश कुमार यादव थाना प्रभारी अकलतरा, सउनि अरूण सिह, प्रधान आरक्षक शरीफुद्दीन खान, आरक्षक विनोद राठौर, बृजपाल बर्मन सैनिक गजेन्द्र पाटले राय का योगदान रहा।

#### अवैध शराब की अवैध व बिक्री पर नहीं लग पा रहा अंकुश

जांजगीर चांपा जिले में शराब के अवैध भंडारण व परिवहन पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। जिसके कारण शराब के कारोबार में लगे शराब माफियाओं के हौसले बुलंद होते नजर आ रहे है। शवरीनारायण, पामगढ़, तनौद, तुस्मा सहित अन्य क्षेत्रों में शराब का अवैध भंडारण व परिवहन का क्राम धड़ल्ले से किया जा रहा है। खास बात यह है क गांव गांव में कच्ची महुआ शराब बनाई जा रही है। वहीं इसे भंडारण भी कर दिया जा रहा है। ऐसा भी नहीं है कि इस बात की जानकारी आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग के अफसरों को ना हो। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं हो पाती। कार्रवाई के नाम पर 35-40 पाव शराब की जब्ती बनाई जाती है। वहीं कई शराब के अवैध कारोबार में लगे बड़े ठेकेदार पर कार्रवाई नहीं हो पाती। जिसके चलते उनके हौसले बुलंद है।

### पंचायत, ट्राइबल के कार्यों की समीक्षा बैठक

**सारंगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में पंचायत, आदिवासी विकासए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा आरईएस, आपदा राहत किए गए पूर्ण, अपूर्ण, प्रगतिरत कार्यों का समीक्षा किया। कलेक्टर श्री साहू ने सभी विभागों के कार्यों को क्रमवार अधिकारियों से जानकारी लिया। श्री साहू ने सभी प्रगतिरत और अधूरे कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू, वर्षा बंसल, परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान, सीईओ संजू पटेल, प्रज्ञा यादव, एसडीओ आरईएस शैलेन्द्र वर्मा, बीके खांडेकर, आदिवासी विकास विभाग से मनोज चौधरी आदि उपस्थित थे।

### मतदान प्रशिक्षण का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने सारंगढ़ के सेजेस स्कूल में 12 अप्रैल से शुरू किए गए जिला स्तर के प्रशिक्षण का अवलोकन किया। इस प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 1,2 और 3 शामिल हुए। प्रतिदिन लगभग 900 अधिकारी-कर्मचारी इस प्रशिक्षण में शामिल होते हैं। यह प्रशिक्षण सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक प्रथम पाली और दोपहर 2 से 6 द्वितीय पाली संचालित होता है। आगामी 18 अप्रैल को भी यह प्रशिक्षण होगा। कलेक्टर श्री साहू ने प्रशिक्षणार्थी नेहा ठाकुर से पूछे कि विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान मतदान दल में शामिल थे, तो कैसा अनुभव है।



# 54 वर्षों से नवरात्रि में माता की चौकी का हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

सनातन धर्म में कई त्यौहार मनाए जाते हैं। और सभी का अपना-अपना महत्व होता है। लेकिन चैत्र नवरात्रि को बहुत खास माना जाता है। जो मां दुर्गा की नवरात्रि के दौरान मां जगत जननी की पूजा आराधना करने से सुख समृद्धि आती है।

इसी मान्यता को लेकर सरिया में विगत 54 वर्षों से चैत्र व क्वार नवरात्रि में महिला मंडल के द्वारा माता की चौकी का आयोजन घर-घर में किया जाता है। जो आज तक जारी है। इसकी शुरुआत सबसे पहले 1970 में श्रीमती श्याम लता बंसल ने अपने महिला साथियों को साथ लेकर घर-घर पूजा पाठ आराधना के साथ माता की चौकी का धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ किया। तब से लेकर अब तक यह धार्मिक अनुष्ठान अनुवरत जारी है। धार्मिक अनुष्ठान के साथ.साथ महिला सशक्तिकरण को बल मिले। इसी उद्देश्य को लेकर श्याम लता बंसल ने महिला संगठन तैयार किया और इसके माध्यम से समाज में महिलाओं की दशा को सुधारने के लिए एक अभियान चलाया। उनके इस अभियान में महिला मंडल के नाम से अंचल में प्रसिद्ध हुआ और धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रमों में महिलाओं का एक सशक्त संगठन का खड़ा हुआ। हालांकि आज से 54 वर्ष पहले जिन लोग जुड़े थे। उनमें से अधिकांश सदस्य अब इस दुनिया में नहीं रहे, लेकिन इनका अभियान जारी रहा और संगठन में नए-नए सदस्य जुड़ते गए। जो आज भी महिला मंडल के नाम से जाना जाता है। चैत्र एवं क्वार नवरात्रि के दौरान महिला मंडल ने नगर में विभिन्न घरों में पहुंचकर माता की चौकी का पूजा पाठ आराधना करते हैं। इस मौके पर महिला मंडल के संयोजक श्रीमती श्याम लता बंसल ने कहा कि महिला मंडल महिलाओं की सामाजिक, नागरिक और धार्मिक स्थिति और अधिकारों को दिलाने में हमेशा से कार्य करता आ रहा है।

# बाजार चौक से हटाया गया अतिक्रमण

**कटेली।** सारंगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत कटेली में बाजार चौक नहर पार में अतिक्रमण हटाए गए। पिछले कई सालों से नहर किनारे काबीज रहे दुकानदार दुकान लगाकर जीवन यापन कर रहे थे। कि ग्राम पंचायत कटेली के द्वारा सर्व सहमति से पंचायत की सहमति एवं गांव की सहमति से अतिक्रमण को हटाया गया। कटेली चौक में अब साप्ताहिक बाजार स्थापित हो रहा है जिससे आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बाजार के दिन बाहर में आए चिल्लर व्यापारीयों को पसरा लगाने में एवं आमजन को आने.जाने में दिक्कत हो रही थी जिसे देखते हुए नहर किनारे 40 फुट की दूरी पर अतिक्रमण किए दुकान ठेला, होटल, इत्यादि लगाए थे। जिसे हटाया गया है।



#### रास्ता बनाया जा रहा

नहर किनारे में जब से साप्ताहिक बाजार संचालित होने लगा है तब से भारी भीड़ बाजार चौक में हो रहा है। और दूसरी तरफ गोठान जाने का रास्ता बनाया जा रहा है।

-घासीराम जायसवाल
उप सरपंच प्रतिनिधि

### फ्लाईएश डंपिंग, एनटीपीसी पर 31 लाख का जुर्माना

**रायगढ़।** जिले के पावर प्लांटों से उत्सर्जित फ्लाई एश का निराकरण परेशानी का सबब बन गया है। परिवहन के दौरान सडकों पर गिरने के कारण प्रदूषण बढ़ रहा है। पर्यावरण विभाग इसमें कार्रवाई तो करता है लेकिन प्लांटों को कोई फर्क नहीं पड़ता। जिले की सभी सडकों पर एश के कारण प्रदूषण है। रायगढ़ से चंद्रपुर, सराईपाली, बसना होते हुए रायपुर तक हाईवे भी इससे नहीं बच पाया है। पूरे हाईवे में कई जगहों पर फ्लाई एश डंप किया गया है। सडक निर्माण में इसका उपयोग हो रहा है, लेकिन रास्ते भर ट्रकों से फ्लाई एश रिसकर गिरता रहा। जांच के बाद पर्यावरण विभाग ने एनटीपीसी को रास्ते में गिरे एश की सफाई करने का आदेश दिया था। इसके अलावा एनटीपीसी पर 30.90 लाख पेनाल्टी भी लगाई गई है।

### मारपीट मामले के फरार आरोपी गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

**रायगढ़।** घरघोड़ा पुलिस द्वारा मारपीट मामले में पिछले पांच महीने फरार चले रहे 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपीगण को अग्रिम जमानत की जुगत में न्यायालय परिसर की ओर घूमते देखे जाने की सूचना पुलिस को मिली और पुलिस ने आरोपियों गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरुद्ध 06 नंवबर 2023 को थाना घरघोड़ा में रिपोर्टकर्ता उतरा कुमार पटेल निवासी ग्राम भेंगारी, थाना घरघोड़ा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 05 नंवबर को उसके भांजे का छट्ठी कार्यक्रम गांव में था जिसमें कीर्तन भजन के लिए साउंड सिस्टम लगाए थे, रात्रि करीब 02.30 बजे गांव के दीपक पटेल, रोशन पटेल, प्रकाश यादव, दशरथ यादव घर आये और साउण्ड सर्विस वाले संजय पटेल को साउंड सिस्टम चलाने बोले जिसे उसने मना किया तो चारों संजय पटेल से गाली गलौच कर हाथ मुक्के से मारपीट करने लगे। घर के लोग बीच बचाव करने आये तो उन्हें भी आरोपियों ने मारपीट किया। रिपोर्टकर्ता उतरा कुमार पटेल के रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 452,294,506,323,34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। थाने में अपराध कायम होने के बाद से आरोपीगण फरार हो गये थे।

# जंगल के रास्ते से मवेशियों की तस्करी करते सात आरोपी गिरफ्तार, 39 मवेशी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर मवेशियों की तस्करी पर अंकुश लगाने थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक राजेश जांगडे द्वारा सीमावर्ती इलाकों में ग्रामीणों से निरंतर संपर्क में रहकर मुखबिरों से सूचनाएं लेकर पशु तस्करी करने वालों कर कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में 15 अप्रैल की रात्रि पकरगांव बिरसिंघा जंगल रास्ते से कृषक मवेशियों को मारते पीटते क्रूरतापूर्वक झारखंड, उड़ीसा के बूचड़खाने ले जा रहे 7 मवेशी तस्करों को लैलूंगा पुलिस की टीम द्वारा मध्य रात्रि पाकरगांव बिरसिंघा जंगल में घेराबंदी कर पकड़े।

मौके पर पुलिस ने आरोपी उमाशंकर यादव, आशीष कुजूर, बालकुमार यादव, मेघनाथ यादवए सुरेश खलखो, चलित यादवए गेंदराम यादव के कब्जे से 39 नग कृषक मवेशी को जप्त किया गया है। आरोपियों ने मवेशियों बूचड़खाने लेकर जाना बताए जिनके कृत्य पर थाना लेलूंगा में आरोपियों पर अपराध क्रमांक 95/2024 धारा 4, 6, 10, 11 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत कार्यवाही की गई है। थाना प्रभारी लैलूंगा द्वारा मवेशियों के चारा पानी के लिए जब्त मवेशियों को गोठान के सुपुर्द किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उमाशंकर यादव पिता चिंतामणी यादव उम्र 20 साल, बालकुमार यादव पिता स्वर्गीय फोली यादव उम्र 20 साल, चलित यादव पिता बुटन यादव उम्र 24 साल तीनों निवासी चिडोरा थाना कांसाबेल जिला जशपुर, मेघनाथ यादव पिता जयराम यादव उम्र 19 साल, सुरेश खलखो पिता चेपा खलखो 30 साल साल दोनों निवासी किलकिला लकराघरा थाना लैलूंगा जिला रायगढ़, आशीष कुजूर पिता जितेंद्र कुजूर उम्र 21 साल निवासी पाराघाटी थाना कापू जिला रायगढ़, गेंद राम यादव पिता पैरमल यादव उम्र 27 साल निवासी सुखापाली थाना डभरा जिला सक्ती के तौर पर की गई है।

# पुलिस ने भटके विक्षिप्त युवक को परिजन से मिलाया

**रायगढ़।** चुनाव कार्य में व्यस्तता के बीच पुलिस का संवेदनशील चेहरा फिर सामने आया है। सोमवार को सुबह डॉयल 112 को सूचना मिली कि ग्राम परसापाली की ओर एक अज्ञात व्यक्ति को घरों के सामने मंडराते देखा गया है जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं लग रही और वह युवक अपना नाम, पता बताने में भी अक्षम है। डॉयल 112 के कमान कंट्रोल ने आवश्यक कार्रवाई के लिए इंवेट खरसिया राइनो को दिया। खरसिया राइनो स्टाफ द्वारा गुम विक्षिप्त युवक के मिले इंवेट की जानकारी प्रशिक्षु आईपीएस थाना प्रभारी खरसिया आकाश श्रीश्रीमाल एवं खरसिया थाने के सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी राठौर को दिया गया। तत्काल खरसिया पुलिस कॉलर से संपर्क कर युवक का पता करते हुए ग्राम बरभौना थाना छाल पहुंचे। मौके पर ही एएसआई लक्ष्मी राठौर द्वारा अर्द्ध विक्षिप्त प्रतीत हो रहे युवक का फोटो व्हाटसअप ग्रुपों में शेयर कर पता लगाया गया जिस पर भटके युवक के समीप गांव के होने तथा युवक की मानसिक स्थिति कमजोर होने की जानकारी मिली। खरसिया पुलिस द्वारा डॉयल 112 वाहन से अर्द्ध विक्षिप्त युवक को उसके घर ले जाकर उसके मामा के सुपुर्द किया गया।



# केबिनेट मंत्री राजवाड़े ने बंजारी धाम में की पूजा

**तमनार।** जिले के प्रसिद्ध सर्वशक्तिपीठ माँ बंजारी धाम तराईमाल में महिला बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने पूजा अर्चना कर माथा टेककर आशीर्वाद लिया।

उन्होंने श्री बंजारी देवी की पूजन दर्शन के बाद दीपगृह में परिक्रमा कर बाल उद्यान, भारत मानचित्र युक्त जलाशय में मछलियों को गुथे आटा खिलाए उन्होंने मन्दिर समिति द्वारा पूजन दर्शन प्रसाद वितरण भोजन भंडारा से गदगद हुए। माँ बंजारी समिति द्वारा मन्दिर की विभिन्न कार्यक्रमों, निर्माण कार्यो की जानकारी देते सामूहिक कन्या विवाह में मंडप भवन अन्य संबंध में चर्चा परिचर्चा की गई। नवरात्र पर्व के छठवें दिवस 14 अप्रेल को मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने पूजा अर्चना किया। चुनाव के दृष्टि मेरे प्रभार क्षेत्र रायगढ़ लोकसभा में प्रवास के दौरान चैत्र नवरात्रि के छठे दिन के पावन अवसर पर ग्राम तराईमाल में स्थित रुमां बंजारी माता मंदिर में रायगढ़ के भाजपा परिवारजनों के साथ पहुंचकर माता रानी का पूजा अर्चना किया व प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। यहां मंदिर परिसर में शैल चित्रों का बहुत ही सुन्दर प्रयोग किया गया है जो भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करती है। इस अवसर पर शोभा शर्मा, पूनम सोलंकी, शीला तिवारी, रंगबल्लभ मालाकार, पंचराम मालाकार, घनश्याम मालाकार, पितरु मालाकार, गोपाल मालाकार, श्याम मालाकार दुलेन्द्र पटेल, रूपेंद्र पटेल अन्य समिति सदस्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।



### आरटीओ उड़नदस्ता टीम की यात्री सबों पर कार्रवाई, ढाई लाख की वसूली

**रायगढ़।** आरटीओ उडऩदस्ता टीम ने यात्री बसों और कंपनी संचालित बसों की जांच कर उनसे करीब ढाई लाख की पेनाल्टी भी वसूली। यात्री बसों और उद्योग प्रबंधनों द्वारा संचालित बसों की जांच के लिए परिवहन विभाग ने जांच अभियान चलाया है। स्कूल बसों के बाद अन्य निजी बसों की जांच भी की जा रही है। अतिरिक्त परिवहन आयुक्त के निर्देश और जिला परिवहन अधिकारी के मार्गदर्शन में बसों की जांच की गई। चार बसों से 2 लाख 56 हजार रुपए का जुर्माना और बकाया शुल्क वसूला गया। यात्रियों की सुविधा के लिए किराया सूची भी चस्पा करने की हिदायत दी गई। एक बस पर तो छग शासन का टैक्स बकाया मिला। वहीं एक बस का फिटनेस आदि नहीं होने के कारण जब्त कर लिया गया। इसके पहले स्कूली बसों की भी जांच की गई है। परिवहन विभाग वाहन चेकिंग का अभियान चला रहा है।




# सीएमएचओ ने ली विकासखण्ड स्तरीय मासिक बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बीके चंद्रवंशी द्वारा सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में विकासखंड स्तरीय मासिक समीक्षा एवं जिला कार्यालय के आरोग्यम सभा कक्ष में आज समस्त विकासखंडवार मितानिन समन्वयक व जिला मितानिन समन्वयक के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में एनीमिया मुक्त भारत, सिकल सेल जाँच, नियमित टीकाकरण, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी, एनसीडी, सीएन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। चर्चा के दौरान दो महिला आरएचओ पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सख्त कार्यवाही भी की गई। एनीमिया के लिए किशोर किशोरियों तथा गर्भवती महिला का जाँच, सिकल सेल में 20 वर्ष से 40 वर्ष तक के सभी महिलाओं की जाँच, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का शुरूआती 6 महीने तक पता करके एनीमिक होने पर उनके लिए प्रसव होते तक आयरन, सुक्रोज का डोज दिए जाने हेतु निर्देश दिया गया जिससे एनीमिया की कमी से होने वाले गर्भवती महिलाओं की मृत्यु को रोका जा सकें साथ ही उनका विशेष ध्यान देते हुए फालोअप कर एमसीएच अस्पताल मेडिकल कालेज में रिफर किया जाए तथा टीकाकरण के लिए जन्मजात बच्चे से लेकर 16 साल तक के बच्चों का एक भी टीकाकरण न छूटे, ऐसे समस्त बच्चों का टीकाकरण सेशन के दौरान विशेष ध्यान से टीकाकरण पूर्ण करने हेतु बताया गया तथा व्हीएच, सएनडी सेशन को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहकर पूर्ण करें ऐसा न होने पर उनकी फोटो खींचकर खंड चिकित्सा अधिकारी के पास बताने का निर्देश दिए।




